कार्यालय प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय अमोडी, चम्पावत

सम्बद्धता सत्र 2023–24, प्रेस नोट **दिनांक 20–09–2023**

दिनांक 20–09–2023 को कुलपति, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा द्वारा नियुक्त सम्बद्धता पैनल ने महाविद्यालय के सम्बद्धता सत्र 2023–24 हेतु भौतिक निरीक्षण किया। सम्बद्धता पैनल में प्रोफेसर (डॉ0) इला शाह, पोफेसर (डॉ0) कौश्तुभा नन्द पाण्डे, प्रोफेसर (डॉ0) चन्द्रराम प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय चम्पावत, श्री हेम चन्द्र पुनेठा अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग चम्पावत शामिल रहे। महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ0) अजिता दीक्षित की अगुवाई में सम्बद्धता पैनल द्वारा आनलाइन पूरित फार्म का वेरीफिकेशन, परीक्षा विभाग, पुस्तकालय, कक्षा कक्षों, छात्र/छात्रा के लिए उपलब्ध प्रशाधन, कार्यालय, कान्फिडेन्सियल रूम, छात्र/छात्राओं के लिए उपलब्ध भौतिक संसाधनों, पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तके व पुस्तकों की सूची, महाविद्यालय के शैक्षिक व गैर शैक्षिक संसाधनों आदि का भौतिक निरीक्षण किया। भौतिक निरीक्षण के उपरान्त पैनल के सदस्यों द्वारा महाविद्यालय में उपलब्ध आधारभूत संसाधनों की प्रशंसा की। पैनल निरीक्षण के दौरान सम्बद्धता कार्य आनलाइन पूरित करने का कार्य श्री अतुल कुमार मिश्र द्वारा किया गया। इस दौरान महाविद्यालय प्राध्यापकों जिसमें डॉ0 दिनेश कुमार गुप्ता, डॉ0 रंजना सिंह, श्री संजय कुमार गंगवार, डॉ0 रेखा मेहता व कार्मिकों में श्री हरीश चन्द्र जोशी, श्री महेश सिंह कन्याल, श्री दशरथ बोहरा, श्री महेश लाल, श्री दिनेश चन्द्र सिंह रावत आदि ने आवश्यकतानुसार सहयोग किया। निरीक्षण समापन के उपरान्त प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ0) अजिता दीक्षित ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
अमोड़ी (चम्पावत)

अस्थाई सम्बद्धता सत्र 2023–24 फोटोग्राफ्स

[signature]

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
अमोड़ी (चम्पावत)